**भारत सरकार**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3057**
**दिनांक 18.12.2025 को उत्तर के लिए नियत**

**आरएएमपी परियोजना**

**3057. श्री ओमप्रकाश भूपपाल सिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर:**
**श्री अरविंद गणपत सावंत:**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विश्व बैंक एमएसएमई निष्पादन में वृद्धि और तेजी (आरएएमपी) परियोजना के अंतर्गत प्राप्त कुल वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस परियोजना में विशेषकर महाराष्ट्र के लिए केन्द्र और राज्य का योगदान कितना है;

(ग) क्या सरकार को राज्य स्तरीय समन्वय या निधि वितरण में किन्हीं चुनौतियों का सामना करना पड़ा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) एमएसएमई समूहों को समयबद्ध अनुदान जारी किया जाना सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

**(क) से (घ):** एमएसएमई कार्यनिष्पादन का उत्थान और गतिवर्धन (रैंप) परियोजना के लिए विश्व बैंक के अंतर्गत कुल वित्तपोषण सहायता 3750 करोड़ रुपये है। रैंप कार्यक्रम के अंतर्गत सभी 36 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए पांच चक्रों में कुल 3211.77 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। महाराष्ट्र के लिए कार्यनीतिक निवेश योजना (एसआईपी)-अनुमोदित इंटरवेंशनों के लिए 194.49 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। सरकार को अब तक राज्य-स्तरीय समन्वय या निधि संवितरण में किसी भी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा है।

***